तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025




11 अभिभावक बच्चों को नियमित स्कूल भेजें देश को...



12 हर बच्चा स्कूल जाए कोई भी शिक्षा से न रहे वंचित : संजय








## उपलब्धि : उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बढ़ रहा वन्यजीव और पक्षी प्रेमियों का आकर्षण

# उदंती-रिजर्व में मिलीं पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियां; 140 से अधिक किस्में मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगलों से अब न सिर्फ दुर्लभ वन्यप्राणियों और मनमोहक प्राकृतिक जलप्रपातों की तस्वीरें सामने आ रही हैं, बल्कि यहां के खूबसूरत और रंग-बिरंगे दुर्लभ पक्षियों की तस्वीरें भी लगातार लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इससे उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों का आकर्षण काफी बढ़ गया है। यह उल्लेखनीय है कि जब से युवा अफसर उपनिदेशक वरुण जैन की उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में नियुक्ति हुई है, तब से इस क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं। उनके प्रयासों से सैकड़ों एकड़ अवैध अतिक्रमित भूमि, जिसे ओडिशा और अन्य राज्यों के अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर रखा था, को हटाने में काफी हद तक कामयाबी मिली है। इसके अलावा, अवैध शिकार और अवैध कटाई पर लगातार कड़ी कार्रवाई होने के कारण अब इस संरक्षित जंगल में वन्यप्राणी आसानी से विचरण करते दिखाई दे रहे हैं, और समय-समय पर उनकी आकर्षक तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं।





### पक्षी प्रजातियों का सर्वेक्षण और नई खोजें



उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में 140 से भी अधिक प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं। पिछले कुछ दिनों से डॉ. एचएन टंडन, डॉ. सनत कुम्भकार और उदंती विभाग के अमले द्वारा इस क्षेत्र में पाए जाने वाले पक्षियों की संख्या जानने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। पक्षियों की प्रजातियों का विधिवत रिकॉर्ड दर्ज किया जा रहा है, और कई क्षेत्रों में दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों के रिकॉर्ड भी प्राप्त हुए हैं। पक्षियों की तस्वीरें सामने आने लगी हैं, और सर्वेक्षण के माध्यम से जल्द ही लोगों को उदंती-सीतानदी में पाए जाने वाले दुर्लभ पक्षियों की विस्तृत जानकारी मिलेगी। स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस सर्वे से दुर्लभ पक्षियों के बारे में लोगों को आने वाले समय में ज्यादा जानकारी हासिल होगी।

### तकनीक का उपयोग और पर्यटन में वृद्धि

जंगल के भीतर जगह-जगह ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे दुर्लभ वन्यप्राणियों की मनमोहक तस्वीरें निकलकर आ रही हैं। वहीं, ड्रोन कैमरों के माध्यम से इस जंगल क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक वाटरफॉल, झरने और खूबसूरत स्थानों की तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं। इन सब के चलते अब उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। भारत सरकार के वन और पर्यावरण विभाग ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में इस बड़े क्षेत्र को लुप्तप्राय बाघ प्रजातियों के आवास के रूप में नामित किया है। इसमें 851.09 वर्ग किमी कोर जोन और 991.45 वर्ग किमी बफर जोन शामिल है। इस संरक्षित क्षेत्र का नाम उदंती और सीता नदियों से लिया गया है, जो इस अभयारण्य से होकर बहती हैं। रिजर्व में मुख्य रूप से साल मिश्रित और बांस के जंगलों जैसे विभिन्न प्रकार के वनों से आच्छादित पहाड़ी इलाके शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ क्षेत्रों में प्राकृतिक सागौन के वन भी हैं।

# जन न्याय पदयात्रा में शामिल हो रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

युवा कांग्रेस और एनएसयूआई द्वारा 'जन न्याय पदयात्रा' का शुभारंभ मैनपुर से राजभवन, रायपुर तक के लिए किया गया है। यह यात्रा जनता के अधिकारों, स्थानीय समस्याओं और विकास कार्यों को उजागर करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। इस पदयात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत पटेल कर रहे हैं। यात्रा में लगातार कांग्रेस के दिग्गज नेता शामिल हो रहे हैं। इसका शुभारंभ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मैनपुर में किया था। यात्रा में शामिल प्रमुख नेताओं में बिंद्रनावागढ़ विधायक जनक ध्रुव, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, धमतरी विधायक ओंकार साहू, महासमुंद पूर्व जिला अध्यक्ष मोहित ध्रुव, नीलम चंद्राकर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, रूपेश साहू, पुष्पा साहू, अवध सिन्हा, मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, गिरीश कुमार बघेल, हरिशंकर नागेश, दुष्यन्त नागेश, सुशांत नागेश, श्यामलाल नागेश, परमेश्वर यादव, धर्मेंद्र, गौतम नागेश और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि यह पदयात्रा प्रदेश की आवाज है। अवैध रेत खनन, स्कूलों की बंदी, शिक्षकों की कमी, राशन वितरण की अव्यवस्था, शराब दुकानों का विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली जैसे मुद्दों को लेकर हम सरकार से जवाब मांगने निकले हैं।

## खबर संक्षेप



### आज भठीगढ़ शिव मंदिर में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम भाठीगढ़ स्थित प्राकृतिक शिव मंदिर में आज सावन के पवित्र माह के प्रथम सोमवार को पूजा अर्चना और जलाभिशेक करने श्रद्धालुओ की ताता लगेगी यहां सुबह से देर रात तक पूजा अर्चना करने भारी भीड़ उमड़ेगी।

### विधायक का जनदर्शन 14 से 18 तक स्थगित

**राजिम।** राजिम विधायक रोहित साहू का होने वाला नियमित जनदर्शन विधानसभा सत्र होने के



कारण 14 से 18 जुलाई तक स्थगित रहेगा। यह जानकारी देते हुए उनके निज सचिव किशोर साहू ने बताया कि इस दौरान विधायक श्री साहू विधानसभा सत्र में भाग लेने रायपुर में रहेंगे। विधानसभा सत्र के बाद उनका जनदर्शन कार्यक्रम पूर्व के निर्धारित दिनों में यथावत होगा।

### पिता-पुत्र घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर रोड के पास पिकअप की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि लोकेश साहू निवासी वार्ड नं एक भानपुर 9 जुलाई की रात करीब अपने लड़के नरेंद्र साहू को लेने अपनी मोटर सायकल क्र सीजी 06 एचसी 0219 से रेलवे स्टेशन गया था। रात करीबन 9.55 बजे ट्रेन आने के पश्चात अपने लड़के के साथ वापस घर भानपुर जा रहा था, चंडी मंदिर मोड एनएच 353 रोड के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्र सीजी 04 एचक्यू 7533 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते बाइक को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में पिता-पुत्र को चोटें आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पार्षद के भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पार्षद के भाई के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मोहम्मद कादरी पार्षद व निवासी वार्ड नंबर 15 बसना ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई की सुबह लगभग 4 बजे उसके छोटे भाई अफसर कादरी ने फोन कर बताया कि टेलीफोन आफिस के सामने उसके साथ बंसुलाडीपा के वीरेंद्र मिश्रा के द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किया गया है। जब उसने जाकर देखा तो उसका भाई टेलीफोन आफिस के पास पड़ा था तथा पूछने पर अज्ञात कारण से आरोपी वीरेंद्र मिश्रा द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर अज्ञात वस्तु से मारपीट करना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में महिला घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 भोकलूडीह में बाइक में सवार एक महिला एक्सीडेंट में घायल हो गई। सांकरा पुलिस को प्रार्थी धनीराम रात्रे पिता सुरेंद्रू रात्रे निवासी दलालखार ने बताया कि 2 जुलाई को वह अपने माता पिता व भारत जगत के साथ रजिस्ट्री कराने पिथौरा गया था।

# रोज हो रही सड़क दुर्घटनाएं दस से हैं अधिक डेंजर जोन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शहर में रोज छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे लोगों की जान भी जा रही है और दुर्घटना के शिकार कईयों की जिंदगी अपाहिज के रूप में बिताने को मजबूर है। नगर के कई स्थान डेंजर जोन में तब्दील हो गए है। भारी ट्रैफिक के दबाव के बावजूद जिम्मेदार कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है। इसलिए शहर के विभिन्न स्थानों एवं गांव से शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्गो में दुर्घटनाएं आम बात हो गई है। नगर का मुख्य चौक जहां रोज हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते है। वहां भी ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए जरूरी उपाय नहीं किये गये है। नगर के हर मार्ग पर तीन सवारी, तेज रफ्तार, स्टंट बाजी करते युवा दूसरे वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों के जान के दुश्मन बने हुए है। नगर में दस से अधिक डेंजर जोन है। जहां कुछ समय के अंतराल में दुर्घटनाएं होती रहती है। मसलन पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक, सुभाष चौक, नगर पालिका चौक, पंजवानी चौक, इंदिरा मार्केट, सदर रोड, राजिम पुल एवं रायपुर रोड इन सभी स्थानों पर रोज छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। जिम्मेदार एक घटना के बाद अगली बड़ी घटना का इंतजार में मौन साध लेते है।

**राजिम पुल पर तेज गति से चलते है वाहन-** रायपुर जिले एवं गरियाबंद जिले को जोड़ने वाला महानदी पुल में वाहनों की गति नियंत्रण के लिए न गति अवरोधक है और न ही पुलिस प्रशासन द्वारा कोई पहल की गई है। पुल पर चारपहिया वाहन को खड़ा कर सेल्फी लेते युवा, राहगीरों के दुर्घटना का कारण बनते है। प्रायः जतमई-घटारानी एवं अन्य पर्यटन स्थल जाने वाले वाहन चालक नशे की धुन में तेज रफ्तार पुल पर चलते है। प्रशासन अथवा पुलिस तीन सवारी, प्रेसर हॉर्न, स्टंट बाजी, ड्रिंक एंड ड्राईव पर कोई कारवाही करते नहीं दिखती।

**चालक के फिटनेस की कोई जांच नहीं-** सड़क दुर्घटना में अधिकतर मामले नशे की हालत में वाहन चलाने से होते है। नगर में एक भी चेक प्वाइंट नहीं है जहां वाहन चालकों की जांच की जाये। इसी का फायदा उठाकर वाहन चालक तेज रफ्तार एवं नशे में वाहन चलाते चालक दूसरों के जान के दुश्मन बन जाते है। गौरतलब है कि नगर का पुलिस थाना रायपुर मुख्य मार्ग पर है। बावजूद इसके वाहनों की कोई जांच नहीं हो रही है। जिससे चालक बेखौफ नशे की हालत में गाड़ी चलाते रहते है। काफी वर्षो से नगर में सड़क सुरक्षा के जनजागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर नहीं लगाए गए है। यातायात नगर की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।

### कार जब्त, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**नवापारा-राजिम।** शनिवार की रात राजिम के महानदी पुल में स्कूटी एवं बाईक सवार को ठोककर दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक को धारा 281, 125 ए/बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर कार को नवापारा पुलिस ने जप्त कर लिया है। टीआई दीपेश जायसवाल ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद धारा और जुडेगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात 9-10 बजे के बीच तेज रफ्तार कार राजिम से नवापारा की ओर आ रही



थी और नवापारा से राजिम की ओर स्कूटी में दम्मानी कालोनी की अंजली सिंह उम्र 20 वर्ष अपनी मां एवं छोटे बच्चे के साथ जा रही थी कि महानदी पुल में तेज रफ्तार कार ने सामने से दुर्घटना को अंजाम दिया। इस दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई और कार चालक के खिलाफ आक्रोश पैदा हो गया। मौके पर पुलिस पहुंची तथा कार एवं चालक को थाना लेकर आया। घटना में बुरी तरह से घायल युवती का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। युवती का पैर फ्रेक्चर है।

## महादेव की महिमा और सेवा का अद्वितीय संगम...





**गरियाबंद।** भोले शंकर युवा भंडारा समिति ने रविवार को भूतेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं और कावड़ियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसमें पुलाव, हलवा और चना की सब्जी परोसी गई। समिति हर सावन के रविवार को भंडारा आयोजित करती है, और यह लगातार चौथा वर्ष है। अध्यक्ष दीप सिन्हा ने बताया कि भंडारे के माध्यम से दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर मिलता है। इस वर्ष मेडिकल किट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। आयोजन में अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, रिकी गुप्ता, प्रकाश सोनी सहित अनेक युवाओं ने सहयोग दिया।

# नए जिला चिकित्सा अधिकारी ने मैनपुर के दूरस्थ वनांचल के गांवों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

जिले के नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एस नवरत्न के मार्गदर्शन में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत जिले के मैनपुर विकासखंड के मलेरिया प्रभावित और संभावित 105 ग्रामों में घर घर भ्रमण कर सर्वे करते हुए मलेरिया बीमारी की जांच और उपचार कार्य शुरू हो चुका है। साथ ही विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा सर्वे कार्य का निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एस नवरत्न के साथ स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के दल द्वारा मैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देहारगुड़ा, जिड़ार सहित दूरस्थ पहाड़ी और दुर्गम स्थल कुल्हाड़ीघाट पहुंचकर मलेरिया सर्वे कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त ग्रामों में संबंधित आर एच ओ, सी एच ओ और मितानिनों के द्वारा घर घर जाकर सभी लोगों का मलेरिया जांच आरडी किट के माध्यम से किया जा रहा था। ग्रामों में मलेरिया पॉजिटिव मरीजों को जिला सीएमएचओ डॉ नवरत्न द्वारा मच्छरदानी भी वितरीत किया गया। साथ ही सभी को सही तरीके से मच्छरदानी लगाकर सोने , मलेरियारोधी दवाइयों की पूरी खुराक लेने तथा पानी उबालकर पीने पीने, गरम ताजा भोजन खाने और घरों के आस पास अन्दर बाहर साफ सफाई ▸▸ शेष पेज 11 पर

## लक्ष्मण झूले पर लोगों ने जताई चिंता, की सुरक्षा की मांग

# कुलेश्वर महादेव मंदिर में आज लगेगा भक्तों का रेला


हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज में सावन के पहले सोमवार को त्रिवेणी संगम स्थित भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सुबह से देर रात तक शिव भक्तों का तांता लगा रहेगा। दूर-दूर से श्रद्धालु परिवार और बच्चों के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा करने पहुंचेंगे, जिससे पूरा दरबार हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठेगा। रविवार शाम को ली गई तस्वीरों से पता चलता है कि नदी में पानी लगभग न के बराबर है। श्रद्धालु नवापारा साइड से पैदल चलकर भी मंदिर पहुंच सकते हैं, और दोनों ही तरफ से लक्ष्मण झूले का उपयोग करके भी मंदिर तक पहुंचा जा सकता है।



सावन के सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ के बीच, कुछ असामाजिक तत्व और गुंडे किस्म के लड़के लक्ष्मण झूले पर चढ़कर हुड़दंग मचाते हैं। यह समस्या पिछले वर्षों में भी हर सोमवार को देखी गई है, खासकर शाम ढलने के बाद। ऐसे तत्वों से कोई उलझना नहीं चाहता और दुर्भाग्यवश, इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस जवान भी अक्सर नजर नहीं आते। स्थानीय लोगों ने गरियाबंद और धमतरी जिले के पुलिस के उच्चाधिकारियों से गुजारिश की है कि लक्ष्मण झूले के दोनों छोर पर, नदी के दोनों तरफ से राजिम पुलिस और बड़ी करेली पुलिस चौकी से जवानों को तैनात किया जाए। पुलिस के जवान झूले के बीच भी पैदल चलकर भक्तों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा पर ध्यान दें। पुलिस जवानों की ड्यूटी देर रात तक लोमष ऋषि आश्रम क्षेत्र और राजिम के नदी तट पर भी लगाई जाए। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# आयरन की कमी एनीमिया का मुख्य कारण है : सोनी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में स्वास्थ्य विभाग फिंगेश्वर द्वारा एनीमिया और (वीकली आयरन और फोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन) टेबलेट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता राधा सोनी ने एनीमिया के बारे में बताते हुए कहा कि फोलिक एसिड की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन कम हो जाता है, जिससे एनीमिया होता है। इसके कारण शरीर में थकान, कमजोरी और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं। प्रीति तुमनिया (आरएचओ) ने समझाया कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या या हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाता है। जब रक्त में इनकी कमी होती है, तो शरीर के ऊतकों को पर्याप्त ऑक्सीजन ▸▸ शेष पेज 11 पर

# मेडिकल क्यूब्स 'भीष्म' से सुसज्जित हुआ एम्स, आपदा आने पर 10 मिनट में तैयार होगा पोर्टेबल अस्पताल

## ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत किसी भी तरह की आपदा आने पर भीष्म मेडिकल क्यूब्स से दस मिनट के भीतर पोर्टबल अस्पताल तैयार हो जाएगा। ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी वार्ड, जीवन रक्षक दवा, वेंटिलेटर सहित कई उपकरण से सुसज्जित इस अस्पताल के एक यूनिट में 2 सौ मरीजों का इलाज करने की क्षमता होगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को इस मेडिकल क्यूब्स से लैस किया गया है।

सबसे सुविधाजनक बात यह होगी कि इसे किसी भी आपदाग्रस्त क्षेत्र में हवाई मार्ग से भी पहुंचाया जा सकेगा। यह मेडिकल क्यूब्स सौर ऊर्जा पर आधारित होगा और आपतकाल में बैकअप के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी होगी। भीष्म मेडिकल क्यूब्स प्राकृतिक आपदाओं, सामूहिक दुर्घटनाओं और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित ट्रॉमा केयर और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गया है।

प्रत्येक क्यूब 10–15 मिनट के भीतर एक पूर्ण रूप से कार्यशील मोबाइल अस्पताल में परिवर्तित हो सकता है, जिसमें ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन वार्ड, जीवन रक्षक दवाएं, रक्त परीक्षण किट, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन, स्ट्रेचर व अन्य आवश्यक उपकरण सम्मिलित हैं। चिकित्सकों ने बताया कि एआई-आधारित निगरानी प्रणाली मरीजों की स्वास्थ्य स्थितियों की रियल-टाइम ट्रैकिंग करती है, और इसका जलरोधी डिज़ाइन बाढ़ व भारी वर्षा के दौरान भी कार्यशील रहता है।

### नक्सल विरोधी अभियान में हो सकते हैं उपयोगी

चिकित्सकों के अनुसार मेडिकल क्यूब्स न केवल आपदा जैसी परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने में सहायक होंगे, बल्कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में, विशेष रूप से नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भी बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर आयोजित एक बड़े ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम में 500 डॉक्टर, नर्स, पेरामेडिक्स, पुलिसकर्मी, सशस्त्र बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एएनटीएफ के सदस्य सम्मिलित हुए।



### आपदा प्रतिक्रिया क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा

एम्स में भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एवं मैत्री) परियोजना का औपचारिक उद्घाटन हुआ, जो कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह क्यूब्स हमारी आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आएंगे। एम्स के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि परियोजना का उद्घाटन हमारे संस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए ऐताहासिक क्षण है।

## खबर संक्षेप



### पवन महामंत्री मनीष बने सचिव

**रायपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने पवन कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा महामंत्री और मनीष कुमार साहू को राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया है। यह दायित्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की संस्तुति पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल प्रसाद गुप्ता की अनुशंसा व अनुमोदन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू के मार्गदर्शन में सौंपा गया है।

### भाषा के नाम पर किसी से भी दुर्व्यवहार न करने का अनुरोध

**रायपुर।** संयुक्त महाराष्ट्रीयन समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार रामटेके ने मनसे नेता राज ठाकरे एवं शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे से अनुरोध किया है कि भाषा के नाम पर अन्य प्रांतों से महाराष्ट्र गए लोगों से दुर्व्यवहार, मारपीट न की जाए, क्योंकि महाराष्ट्र के लाखों लोग भी देशभर के अन्य राज्यों में अपने व्यवसाय एवं नौकरी करते हैं। ऐसे में अगर उनके साथ भी किसी अन्य प्रदेश में अप्रिय व्यवहार किया जाएगा तो यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उक्ताशय की जानकारी राकेश गजभिये ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### भरभरा कर गिरा पुरानी भवन बड़ा हादसा टला

**आरंग।** प्राचीन नगरी के नाम से सुविख्यात नगर आरंग में आज भी जगह जगह खंडहर नुमा अनेक भवनें है। जो कभी भी भरभरा गिर सकता है। कई ऐसी भवनें है जो कभी भी गिर सकता है। जिससे लोगों को जान माल की हानी हो सकती है। सूत्रों से पता चला है कि कई मकान मालिक आरंग से बाहर रहते हैं। तो कुछ लोग मोहल्ले छोड़कर नगर के अन्य मोहल्ले में घर बना लिये हैं। जिसके चलते कई पुरानी भवनें जर्जर हालत में खड़ी है। वहीं कुछ पुरानी भवनों में पारिवारिक विवाद चल रहा है। इन सबके चलते लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार को महामाया मंदिर के समीप एक पुरानी भवन भरभरा कर गिर गया। जिससे पास खड़ी एक कार को काफी क्षति पहुंची है। अच्छी बात यह रही कि आसपास कोई नहीं था।

# बसना पुलिस का गांवों में नशामुक्ति और साइबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना पुलिस ने अनेक गांवों के चौक-चौराहों में नशामुक्ति एवं सोशल मीडिया के उपयोग एवं इससे होने वाले साइबर क्राइम के सम्बन्ध में जागरुकता अभियान चलाया।



बसना थाना प्रभारी नरेंद्र राठौर ने नशामुक्ति एवं साइबर फ्राड संबंधी जानकारी, साइबर फ्रॉड के तरीके, स्कूली बच्चों को परीक्षा में पास करा देने जैसे फ्रॉड, फ्रॉड से बचने के उपाय, साइबर फ्रॉड होने पर की जाने वाली कार्रवाई को विस्तारपूर्वक बताया। 12 जुलाई को ग्राम अरेकेल के मुख्य चौक में आम जनता को ऑनलाइन खरीदारी, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर एवं टोल फ्री नंबर सम्बन्धी फ्रॉड तथा सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सअप आदि से होने वाले सायबर फ्राड से बचने एवं संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत पासवर्ड बनाये, डेबिट/डेडिट कार्ड डिटेल किसी न दे, यूपीआई का उपयोग सावधानी पूर्वक करें, सोशल मीडिया फेसबुक, इस्टाग्राम एवं वाट्सअप में किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क न करें। इसके अलावा साइबर अपराध के प्रकार जैसे डिजिटल अरेस्ट (पुलिस अधिकारी या कस्टम अधिकारी या इसी तरह कोई अन्य अधिकारी होने का दावा करते हुए कोई कॉल करता है और आपकी किसी अपराध में संलिप्त बताता है तो उसकी बात में भरोसा ना करके सबसे पहले थाने में खबर करनी है), इन्वेस्टमेंट फ्राड ( शेयर मार्केट में निवेश हेतु फर्जी वेबसाइट), क्रिप्टोकरंसी, लोन फ्राड (किसी अन्य के फोटो में किसी दूसरे व्यक्ति के होने का आभास होना), डिजिटल ब्लैकमेलिंग, फिशिंग (किसी लिंक पर क्लिक करने से उत्तर का लीक होना), हैकिंग (आपके अकाउंट को दूसरे द्वारा हैक कर लेना), आइडेंटिटी थेफ्ट (किसी अन्य के द्वारा कोई और व्यक्ति होने का ढोंग करना), स्कूली बच्चों को परीक्षा में पास करा देने संबंधी झांसा देने फोन कॉल आना आदि से संबंधित जानकारी देकर आम जनता को जागरूक किया गया। बसना थाना व जिला पुलिस ने सभी अपील की है कि सायबर फ्रांड होने पर नजदीकी पुलिस थाना एवं आनलाईन सायबर फ्राड टोल फ्री नं. 1930 तथा डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.साइबर क्राइम.गवर्नमेंट इन में जाकर शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा सीईआईआर सीईआईआर पोर्टल में मोबाइल गुम होने पर शिकायत कर ट्रैक कर सकते है। कार्यक्रम में नशामुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक करने, नशा के दुष्परिणाम को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य जन्मजय साव, लक्ष्मण साहू, कांस्टेबल महेंद्र पटेल एवं थाना की टीम तथा ग्राम के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं को लूटने का काम कर रही भाजपा सरकार

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली नहीं दे रहीं हैं, केवल लूटने का काम कर रही हैं। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। जबकि, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है भाजपा सरकार। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। वर्ष 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनाव चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे पांच साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच साल में कुल वृद्धि मात्र 02 रुपए या 2 पैसे अर्थात केवल 0.32 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने कहा कि वहीं भाजपा की वर्तमान साय सरकार के डेढ़ साल में कुल वृद्धि 80 पैसे अर्थात 13 प्रतिशत बढ़ोत्तरी।



# सरोना का ट्रैफिक सिग्नल बंद, हादसे का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्त मार्गों में से एक टाटीबंध-सरोना चौक का सिग्नल पिछले 10 दिनों से बंद है। सिग्नल बंद होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय रहवासियों ने सिग्नल बंद होने की जानकारी जिम्मेदारों को दी है। बावजूज इसके अब तक सिग्नल ठीक नहीं किया गया है।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार टाटीबंध-सरोना चौक पर सुबह से लेकर रात तक भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। साथ ही सरोना चौक से स्थानीय रहवासी आवाजाही करते हैं। सिग्नल पार कर स्कूली बच्चे भी आवाजाही करते हैं। चौक का सिग्नल बंद होने की वजह से भारी वाहन चौक में रफ्तार कम करने के बजाये तेजी से अपना वाहन निकालते हैं। इससे स्कूली बच्चे रोड पार करने से डर रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। समय पर मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से सिग्नल बंद होने की बात जानकार तथा ट्रैफिक पुलिस के अफसर कह रहे हैं। सिग्नल बंद होने की वजह से चौक में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

- रहवासियों की शिकायत पर अब तक नहीं सुधारा गया सिग्नल

# झलप पंचायत में हुआ भेंट मुलाकात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत झलप में पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव के साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा इंद्रजीत सिंह गोल्डी, मोती साहू, भाजपा झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, जिला मंत्री धरम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल का भाजपा मंडल महामंत्री व सरपंच ग्राम पंचायत झलप राकेश साहू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत झलप विकास के लिए मांग पत्र भी सरपंच द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपलाल पटेल, खेमराज बघेल, आनंद साहू युवा नेता, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, राजेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर चंद्राकर, बली चौधरी, जगदीश चौहान ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष भागीरथी मार्कंडेय, सचिव कौशल देवांगन, धनेश सिन्हा, रविदास समाज जिला अध्यक्ष देवेंद्र रौतिया, प्रेम यादव, देवेंद्र राय, जगदीश चौहान, सतीश मार्कंडेय, पुरुषोत्तम साहू, पुरन मार्कंडेय, रज्जन गुप्ता, भुवन साहू, पंचगण माधुरी राजेंद्र चौधरी, पंचायत सचिव हेमेंद्र नाथ योगी, शालिनी सिंग, पंचायत स्टॉप, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठग रही, लगातार झूठ बोल रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खाद के नाम पर भाजपा किसानों को ठगने का काम कर रही है। प्रदेश में किसानों को उर्वरक नहीं मिल पा रहा, बोआई का काम, रोपाई का समय तेजी से बीत रहा है, खुले बाजार में भी खाद उपलब्ध नहीं है। सरकार लगातार झूठ बोल रही कि पूरे प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने विज्ञापन भी जारी किया है कि सरकारी सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में नैनो, डीएपी उपलब्ध है।

- दो वर्षों में हमने जनता की लड़ाई लड़ी: दीपक बैज

प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता में कहा, सरकार ने 11 जुलाई फिर से नैनो खरीदने के लिए निविदा जारी की है। इससे सवाल यह उठता है कि कब खरीदी होगी, कब सप्लाई और भंडारण होगा, कब बांटेंगे, जरूरत तो आज है। अगस्त, सितंबर में भी सप्लाई होगी, तो अनुपयोगी होगी। नैनो की लाइफ़ 6-7 माह रहती है, फिर ये एक्सपायर हो जाएगा। समय बीत जाने के बाद उपलब्धता का क्या लाभ? सरकार यदि वास्तव में जागरूक और ईमानदार किसान हितैषी होती, तो ये कदम अप्रैल में लेना था, अभी महंगे दाम पर खाद लेने के लिए किसान को व्यापारियों के पास झोंक दिया। 1350 में मिलने वाली खाद 2000 में बेची जा रही है, कोचियों, बिचौलियों और जमाखोरी को सरकार का संरक्षण है।




### बैज के कार्यकाल को दो वर्ष पूरे कांग्रेस नेतृत्व का जताया आभार

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को आज दो वर्ष पूरे हो गए। उन्होंने दो साल के कार्यकाल पर सबके सहयोग के लिए आभार जताया, कांग्रेस नेतृत्व का आभार जिन्होंने हमारे ऊपर भरोसा दिखाया, इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू सहित अपने वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस के सहयोगी मित्रों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सभी के प्रति आभार, मीडिया के प्रति विशेष आभार आपने हमारे संघर्षों को मंच दिया।

### जनता की लड़ी लड़ाई

दो वर्षों में हमारी कोशिश रही कि हम जनता की लड़ाई लड़ें। जनता की तकलीफों की आवाज बनें, हमने एक दर्जन से अधिक न्याय यात्राएं कीं, आंदोलन किया, विधानसभा घेराव, सीएम हाउस घेराव, धरना प्रदर्शन जैसे तमाम लोकतांत्रिक हथियारों से विपक्ष के धर्म को निभाने का काम किया, हम कितने सफल रहे, यह आकलन करने का काम आप सब पर छोड़ता हूं। हमारा संघर्ष जन सरोकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।

### समितियों के स्टॉक सार्वजनिक करे सरकार

उन्होंने कहा, प्रदेश में 2354 सहकारी समितियों के स्टॉक डिटेल सरकार सार्वजनिक करें, झूठे प्रचार नहीं। हमने अपने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा है कि वे खुद सोसाइटी में जाकर भौतिक सत्यापन करें। नकली और मिलावटी खाद खुले आम बिक रही है। निजी खाद दुकानों में कहीं भी स्टॉक का वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। प्रदेश में निजी खाद बेचने वाले व्यापारियों खासकर डीएपी के सुपर स्टॉकिस्ट/डीलर कौन है, सरकार बताये?

### बिजली बिल के दामों की बढ़ोतरी, कांग्रेस करेगी आंदोलन

उन्होंने कहा, बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है।

# लक्ष्मीनगर के पास 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 के नगर निवेश विभाग की टीम ने शनिवार को लक्ष्मीनगर वीआईपी चौक के पास योगेश वर्मा द्वारा किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। नोटिस देने के बाद भी संबंधित द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं करने पर निगम अमले ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

दरअसल, संतोषीनगर क्षेत्र के लक्ष्मीनगर एरिया में वीआईपी चौक के पास किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को जोन 6 की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने में तत्परता दिखायी। जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 4 दुकानों के अवैध निर्माण को नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य बंद नहीं किये जाने और निर्माण कार्य लगातार जारी रखने पर नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग टीम ने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निवेश सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर की उपस्थिति में स्थल पर की गयी।

# विधायक मूणत ने जनचौपाल में जनता को दिलाया भरोसा, कहा- राजनीति नहीं, सेवा करने आया हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को वीर शिवाजी वार्ड और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी असली ताकत है। श्री मूणत ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे राजनीति नहीं, जनता की सेवा करने आये हैं।

- वीर शिवाजी वार्ड में मंगल भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा

शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम क्षेत्र के वीर शिवाजी और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में नाम या पद के लिए नहीं आया हूं, मेरी प्राथमिकता सिर्फ सेवा है। आप मेरे परिवार के सदस्य हैं, आपके हर काम में मेरी भागीदारी है। राजेश मूणत ने जनता से भी अपील की कि यदि कहीं भी घटिया या अधूरा कार्य दिखाई दे, तो उसका वीडियो बनाकर उनके कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि तत्काल जांच करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की निगरानी आपकी जिम्मेदारी है और पारदर्शिता हमारी।



वीर शिवाजी वार्ड खमतराई में मांगलिक कार्यक्रमों के लिए विधायक ने एक करोड़ रुपये की घोषणा भी की। उन्होंने पटवारी को निर्देश दिया कि एक एकड़ भूमि जल्द से जल्द चयनित करें ताकि मांगलिक भवन का निर्माण प्रारंभ हो सके। यह भवन समाज के सभी वर्गों के उपयोग के लिए होगा।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में चल रहे विकास कार्यो का जिक्र करते हुए बताया कि डगनिया तालाब में पचरीकरण, शेड बनाने का काम और चेंजिग रूम बनवाया जा रहा है।

जन चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन कमिश्नर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साइबर जालसाज ठगी के बाद लीगल कार्रवाई करने की धमकी देकर कर रहे वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगी करने वाले जालसाज अपने शिकार को डिजिटल अरेस्ट की तरह प्रताड़ित कर वसूली कर रहे हैं। रेंज साइबर पुलिस ने इस तरह ठगी के प्रकरणों में एक साल के भीतर जालसाजों के अकाउंट में जमा 40 करोड़ रुपए होल्ड कराया है। इसके साथ ही ठगी के शिकार लोगों को चार करोड़ रुपए रिफंड कराया है। रेंज साइबर पुलिस का दावा है कि एक साल के भीतर आधे से ज्यादा लोगों को उनकी ठगी की रकम वापस दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। ठगी की होल्ड रकम वापस दिलाने में देर होने की वजह जालसाजों द्वारा अलग-अलग बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर होना बता रहे हैं। रेंज साइबर टीआई मनोज नायक के अनुसार साइबर ठगी की जितनी शिकायतें आती हैं, अफसरों के निर्देश पर उन मामलों को सुलझाने त्वरित कार्रवाई की जाती है। साथ ही उनकी प्राथमिकता ठगी की रकम को जल्द से जल्द होल्ड कराने का रहता है। ठगी की रकम होल्ड होने के बाद पीड़ितों को उनकी रकम दिलाने में मदद मिलती है। रेंज साइबर पुलिस राज्य के अन्य जिलों की अपेक्षा पीड़ितों को ठगी की रकम वापस दिलाने में काफी आगे है।



**म्यूल अकाउंट पर लगा अंकुश :** साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई के बाद जालसाज रायपुर में म्यूल अकाउंट खुलवाने से बच रहे हैं। इसके अलावा रायपुर से म्यूल अकाउंट लेने से बच रहे हैं। ऑनलाइन ठगी की जांच के लिए अलग से रेंज साइबर थाना खुलने के बाद म्यूल अकाउंट के खिलाफ रेंज साइबर पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है।

### पीड़ित की जुबानी कैसे की ठगी

रायपुर निवासी अमिताभ त्रिपाठी के अनुसार पिछले वर्ष जुलाई से अगस्त के बीच अज्ञात मोबाइल धारक ने उसे मैसेज भेज कर एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद ग्रुप में जुड़े लोगों ने अमिताभ की काउंसिलिंग कर शेयर ट्रेडिंग में रकम निवेश करने के लाभ बताए। झांसे में आकर अमिताभ ने जालसाजों के बताए अकाउंट में रकम जमा कराया। इस तरह से अमिताभ जालसाजों के अकाउंट में साढ़े पांच लाख रुपए जमा कर चुका था। ऑनलाइन अमिताभ को 37 लाख प्रॉफिट मिलना दिख रहा था। अमिताभ ने अकाउंट से पैसे निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने अमिताभ को उसके नाम से बैंक में साढ़े सात लाख रुपए कर्ज होना बताया। कर्ज की राशि जमा करने के बाद अमिताभ को रकम वापस देने का झांसा दिया।

## खबर संक्षेप



### एनएचएम कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की सेवाओं को स्थायीत्व प्रदान करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामाजिक सम्मान दिलाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन में मुख्य मांग संविदा कर्मियों का स्थायीकरण, ब्लॉक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे निर्धारण, वार्षिक मूल्यांकन में पारदर्शिता, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, भर्ती में आरक्षण, मानवता आधारित अनुकंपा नियुक्ति, छुट्टी और मातृत्व सुविधाएं, स्थानांतरण नीति, और आकस्मिक दुर्घटना राहत जैसी प्रमुख मांग शामिल है। संघ ने मांग की कि स्वास्थ्य विभाग की नीतियों में समानता और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो तथा अन्य योजनाओं की तरह एनएचएम कर्मियों को भी उनका हक मिले। संघ के अनुसार इन मांगों के पूरा होने से राज्य के 16 हजार से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। संघ में मुख्य रूप से संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, सुरेंद्र चंद्राकर बीपीएम तुमगांव, मनीष भारद्वाज ब्लॉक अध्यक्ष, श्वेता मार्कंडेय, शत्रुघन साहू, रविंद्र कश्यकार, शिवम दुबे, ओम पटेल आदि उपस्थित रहे।

### छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली इकाई की हुई मासिक बैठक

**सरायपाली (ग्रामीण)।** छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन सरायपाली ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक वन विभाग रेस्ट हाउस सरायपाली में हुई। बैठक की संगठन के विस्तार और मजबूत रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित जिला से आए पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष बलराज नायडू, गौरव चंद्राकर, संतराम कुर्रे, लोकनाथ खुट्टे, संतोष गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद इरफान शेख एवं सरायपाली ब्लॉक सदस्यों में ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लहरे, उपाध्यक्ष नृपनिधि पांडे, सहसचिव अजय चौहान, मीडिया प्रभारी आयुष साहू, गोपाल लहरिया, अभिनय शाह, सचिव सुनील महापात्र, फागुलाल रात्रे, गणेश दास सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

**समारोह :** रजकट्टी में शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ

# अभिभावक बच्चों को नियमित स्कूल भेजें देश की प्रगति में बनें भागीदार : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम रजकट्टी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में धूमधाम से प्रवेश उत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया और प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति नंदनी ढ़िढ़ी और अध्यक्षता कर रहे भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू उपस्थित थे। सर्वप्रथम, सरस्वती वंदना के साथ मां सरस्वती और भारत माता के छायाचित्रों पर पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल चंदन लगाकर, मिठाई खिलाकर, और पुस्तक व ड्रेस भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही, प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे सभी छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी और मुस्कान साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा




से ही भारत पुनः विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव सरकार की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और गांव-गांव में बच्चों को बेहतर शिक्षा सुलभ हो रही है। साहू ने ग्रामीण और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और उन्हें शिक्षित बनाकर देश की प्रगति में भागीदार बनाएं। इसके साथ ही, उन्होंने शिक्षकगण को प्रेरित किया कि वे बच्चों में नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना का समावेश करें। रिकेश साहू ने छात्र-छात्राओं से कहा कि उन्हें जीवन में लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए और उस लक्ष्य को पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करके अपने सपने पूरे कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी आवश्यक है।

#### ये रहे शामिल-

इस कार्यक्रम में ग्राम रजकट्टी के सरपंच युधिष्ठिर साहू, फिंगेश्वर मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, पूर्व सरपंच कमला शुक्ला, जिला साहू समाज संरक्षक कुंजन लाल साहू, मंडल कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, नप



राजिम सभापति आकाश राजपूत, भाजपा नेत्री सीमा ठाकुर, युवा मोर्चा बादल साहू, दुर्गेश धीवर, ग्राम समाज अध्यक्ष पंचराम ध्रुव, रेखा साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष कविलास साहू, पन्नालाल साहू, बलराम साहू, काशीराम साहू, पाराम बंजारे, रामखेलावन साहू, नाथूराम साहू, सुरेश कुमार ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज ललित कुमार साहू, शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू, भागीरथी प्रधान, एस विल्सन, दानूराम साहू, ओंकार साहू, हेमनारायण ध्रुव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शीतला तिवारी, दुर्गा साहू, पूनम साहू, भारती साहू, उप सरपंच, पंच केजई बंजारे, रुपा बाई साहू, यशोदा नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## निकाय कर्मियों ने अपनी मांगों से कराया मुख्यमंत्री को अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मूलभूत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे और अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते हुए आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास करते रहे। नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी नगरीय निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांग जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत है और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहे थे। इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारियों को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

## मैनपुर सरपंच संघ के पदाधिकारी सीएम साय से करेंगे मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सरपंच संघ मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष हलमन ध्रुवा के नेतृत्व में इको सेंटर कोयबा में बैठक आयोजित किया गया गया। उक्त बैठक में सरपंच संघ के पदाधिकारी व सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक में कई विषयों को लेकर सरपंच संघ द्वारा चर्चा किया गया। जिसमें प्रमुख विषय ग्राम पंचायत में विकास, ग्राम पंचायत के सरपंचों व पंचों के मानदेय राशि में बढ़ोतरी, मैनपुर विकासखंड मुख्यालय में स्थित सरपंच सदन की रखरखाव सफाई व्यवस्था किया जाए जिसमें की सरपंचों बैठने व्यवस्था को लेकर, जिन–जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं है उन पंचायत को भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने को लेकर बैठक में विशेष चर्चा किया गया। उक्त बैठक में सरपंच संघ के अध्यक्ष हलमन ध्रुवा ने कहा कि पंचायती राज चुनाव के पक्ष से लेकर अब तक ग्राम पंचायत में विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है, ग्राम पंचायत में विकास कार्य की स्वीकृति सुनिश्चित किया जाए इसको लेकर रणनीति बनाई गई है। साथ ही जल्द ही सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर समस्याओ से अवगत कराने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच संघ अध्यक्ष हलमन ध्रुवा, उपाध्यक्ष डोमूराम ध्रुव सिहारलटी, उपाध्यक्ष हनिता नायक मैनपुर, केशंती माली मुचबहाल, पुष्पा नेगी भाठीगढ़, सचिव विजय कुमार मांझी, पुष्पलता मरकाम, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सोम, खेलसिंह मरकाम कोयबा, अरविंद कुमार नेताम जांगड़ा, कृष्णाबाई मण्डावी कोकड़ी, घनश्याम मरकाम शोभा, दीनाचंद मरकाम कुचेंगा, गजेंद्र नेगी मैनपुरकला, मुकेश कुमार कपिल जिड़ार, देयमति नागेश सरईपानी, संतोष मांझी बुड़गेलटप्पा, दुरूबसिंह ओंटी नवापारा, नुरपति मरकाम धनोरा, भोजसिंह मांझी गुरजीभांटा टी, बदन राम गोहरापदर, गुरुबारी ध्रुव इंदागांव, पदुनाथ कोमर्रा केकराजोर, बलवीर कोमर्रा सरगीगुड़ा, मोहन जगत बुरजाबहाल, मालती बाई, हेमो नागेश अमलीपदर, उपासीन नागेश जाड़ापदर, निर्मला ध्रुव उसरीजोर सहित 74 ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच पंचों और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए समय प्रबंधन पौष्टिक भोजन और पर्याप्त नींद का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर में दो दिवसीय युवा व्यक्तित्व निर्माण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। इस कार्यशाला में शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि कुलदीप भारती और बहन रुकमणी बंछोर के व्याख्यानों ने क्षेत्र से आए युवक-युवतियों को जीवन जीने की कला सिखाई। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सप्तक्रांति आंदोलन को विस्तार देने के उद्देश्य से शनिवार और रविवार को चले इस शिविर में शिक्षा, साधना, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, नारी जागरण, कुरीति उन्मूलन और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों पर वक्ताओं ने विस्तृत व्याख्यान दिए। इस आंदोलन को सफल बनाने में युवाओं की भूमिका को अहम बताया गया।

- गायत्री चेतना केन्द्र फिंगेश्वर में दो दिवसीय युवा व्यक्तत्वि निर्माण शिविर का हुआ समापन

**तनाव प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान-** शिविर में तनाव प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य वक्ता कुलदीप भारती ने युवाओं को तनाव के कारणों और प्रभावों को समझने, इसे पहचानने और प्रबंधित करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने संतुलित जीवनशैली, सकारात्मक सोच, और आत्म-देखभाल के महत्व पर जोर दिया। वक्ताओं ने बताया कि तनाव एक सामान्य अनुभव है, लेकिन अनियंत्रित होने पर यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या और व्यवहार में बदलाव जैसे तनाव के लक्षणों को पहचानने पर जोर दिया।

युवाओं को तनाव को प्रबंधित करने के लिए गहरी सांस लेने के व्यायाम, ध्यान, योग, और शारीरिक व्यायाम** का अभ्यास करने की सलाह दी गई। एक संतुलित जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया, जिसमें काम, आराम और मनोरंजन शामिल हों, साथ ही समय प्रबंधन, स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्व को भी बताया गया।

रुकमणी बंछोर दीदी ने कर्मफल के सिद्धांत की कक्षा में बताया कि कर्मों का फल सभी को मिलता है और इससे कोई बच नहीं सकता। शिविर में व्यसन मुक्ति पर विशेष जोर दिया गया और युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि व्यसन मुक्ति के लिए केवल चिकित्सा या कानून ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने व्यसनों की लत से मुक्ति पाने के लिए चिकित्सा उपचार के साथ-साथ आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। व्यसन मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई गई, जिसमें युवा, परिवार और समाज सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके अतिरिक्त, शिविर में मेमोरी पावर, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, सफलता के सूत्र और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी कक्षाएं ली गईं।

#### आयोजन समिति और उपस्थित गणमान्य

कार्यक्रम का मंच संचालन राजिम गायत्री शक्तिपीठ समन्वयक संतोष साहू ने किया। आयोजन के संयोजन में चेतना केंद्र फिंगेश्वर प्रमुख एच.एल. साहू के साथ सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता रोशन देवांगन, भोपाल राम सिन्हा, वेदराम नंदे, मंथीर साहू, कोमल सिन्हा, वृंदा सिन्हा, बिसहत साहू, घना साहू, अर्जुन सिन्हा, कमला दलवानी, पूर्णिमा यादव, खुमिन सिन्हा, टोपेश्वरी सिन्हा, भागीरथी सिन्हा मौजूद रहे।

## गायत्री परिवार ने पौधे रोपकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत रसेला के कारीमाट्टी पारा स्थित तालाब में गायत्री परिवार रसेला और शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 'श्री राम स्मृति उपवन' एवं 'श्री भगवती सरोवर' नाम से एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ हुआ, जिसके बाद पौधों की पूजा-अर्चना कर रोपण कार्य शुरू किया गया। इस दौरान आम, पीपल, काजू, शीशम, बेल, नीम, जामुन, मुनगा जैसे विभिन्न प्रकार के पौधे उपस्थित अतिथियों द्वारा रोपे गए। इस अवसर पर वंदनीय माता जी के जन्मशताब्दी की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। यह भी बताया गया कि ग्राम रसेला में आने वाले वर्ष 2026 में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक भी संपन्न हुई।

**औषधीय पौधों का रोपण और संकल्प-** इस पौधारोपण कार्यक्रम में औषधीय महत्व के



पौधों का भी रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इनमें आंवला, हरड़, बहेड़ा, बेल, कुसुंभ और सेहुद जैसी छह महत्वपूर्ण औषधीय प्रजातियां शामिल थीं। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पटेल लोकराम यादव, राम यादव, चंदन सिंह ठाकुर, नारायण देवांगन, रामावतार यादव, देवाराम साहू, तुलसी राम साहू, तीजो राम साहू, ठाकुर राम यादव, नंदकिशोर यादव, जगत राम यादव, केशव प्रसाद साहू, पुखराज ठाकुर, नारायण दीवान, शेष नारायण देवांगन, भुनेश्वर पटेल, संतराम नेताम, यसराम यादव, चन्द्रकला, लक्ष्मी, अन्नपूर्णा, राधा, दुलम, दुलसिया, कुलेश्वरी, निर्मला, इंद्राणी, घसीन, सरिता, तुलसी, श्यामा, प्रभा, त्रिवेणी, धनीराम, राकेश, नारद कमार सहित अन्य सभी ने पर्यावरणीय कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया और पौधों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

#### पर्यावरण संरक्षण पर प्रमुख हस्तियों के विचार-

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने कहा कि /"यदि भविष्य को सुरक्षित रखना है तो वर्तमान को सुधारना होगा, क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की रूपरेखा तय करती है। उन्होंने इस साल की भीषण गर्मी का हवाला देते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।
संगठन प्रमुख रोमन चंद्र ने वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ का नारा देते हुए कहा कि अब



कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि ना कूलर काम आएगा ना एसी काम आएगा। उन्होंने पर्यावरण को संतुलित करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि /"पृथ्वी के बढ़ते तापमान को पेड़ लगाकर ही कम किया जा सकता है। इसके अलावा इस प्रदूषण को रोकने का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने अधिक संख्या में पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने को सबसे सरल और सस्ता उपाय बताया।

## राजिम में 34 करोड़ रुपए की फोरलेन सड़क का निर्माण, विधायक ने किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन महत्व के केंद्र प्रयागराज राजिम त्रिवेणी संगम क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विधायक रोहित साहू द्वारा एक के बाद एक ठोस पहल की जा रही है। इसी कड़ी में उन्होंने शनिवार को इंटेक वेल लक्ष्मण झूला से चौबेबांधा पुल तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया। बता दें कि 34 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली यह सड़क नदी किनारे होते हुए नवीन मेला स्थल तक जाएगी, जिससे क्षेत्र की यातायात सुविधा और पर्यटन कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक श्री साहू के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, एसडीएम विशाल महाराणा, लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ मनीष साहू, माधोसिंग देवांगन, नवीन श्रीवास्तव,मनीष साहू उपस्थित थे।

## शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह हुआ

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खरोरा में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक डोमार साहू के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डोमार राम साहू के साथ व्यतीत किए गए समय को याद करते हुए सभी लोगों ने शिक्षक के रूप में उनकी मेहनत और लगन को मंच पर साझा किया। इस अवसर पर शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य ने कहा कि शिक्षक हमें किताबी ज्ञान के साथ साथ जीवन के मूल्यों को भी सिखाते हैं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपकी उपस्थिति ने इस कार्यस्थाल में रोशनी ला दी है। पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में आशीष वचन के रूप में डोमार राम साहू ने कहा कि जब मैं इस विभाग में आया तो मेरे पास उत्साह था पर अनुभव नहीं।

पेज 9 के शेष...

### नए जिला चिकित्सा...

रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही बीएमओ और क्षेत्रीय पर्यवेक्षक को अभियान की सतत मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए।इसके अलावा डॉ नवरत्न ने ग्राम कोदोबतर, भीरालाट एवं कोसमी में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का आकस्मिक निरीक्षण किया और ग्रामीणों को मलेरिया होने के कारण और बीमारी से बचने के उपाय भी बताए निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत कुमार नायक, जिला नोडल अधिकारी (मलेरिया) डॉ सुनिल रेड्डी, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, ईशुलाल पटेल, कुमारी जयश्री राव, पारेश्वर नागेश, रूपा मेरी, गरीमा यादव, बीएमओ डॉ. बी. बारा, बीईओ मुन्नालाल कश्यप, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक शेखर ध्रुवे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आयरन की कमी...

नहीं मिल पाती, जिससे एनीमिया के लक्षण उत्पन्न होते हैं।

**पौष्टिक भोजन और एनीमिया के लक्षण-** प्राचार्य पूरनलाल साहू ने बताया कि पौष्टिक भोजन की कमी से शरीर कमजोर हो जाता है। किसी भी व्यक्ति के शारीरिक विकास के लिए प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज, लवण और कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता होती है। जब आहार में इन तत्वों की कमी होती है, तो शरीर का समुचित विकास नहीं हो पाता। उन्होंने एनीमिया को शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं और खून में हीमोग्लोबिन की कमी बताया, जिसका मुख्य कारण आयरन की कमी है।

एनीमिया के प्रमुख लक्षणों में सांस फूलना, कमजोरी और थकावट, चक्कर आना, एकाग्रता की कमी, और बार-बार बीमार पड़ना शामिल हैं। इन सबसे बचने के लिए संतुलित आहार लेना अत्यंत आवश्यक है। इस जागरूकता कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## साय के सुशासन में कानून व्यवस्था फेल : चमन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष चमन यादव ने प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी सुरक्षित कैसे होगा।छत्तीसगढ़ के आरंग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर 12 जुलाई 2025 को बेमेतरा जिले में अचानक पत्थरबाज़ी की गई, सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक है।विष्णुदेव साय के



सुशासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मैनपाट में मस्त,वित्त मंत्री ओ पी चौधरी तमनार (रायगढ़) में मस्त और गृह मंत्री विजय शर्मा बस्तर में मस्त हैं। भाजपा के सभी मंत्री छत्तीसगढ़ को अडानी के हवाले करने में लगे हुए हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। जनता मंत्रियों से इतनी नाराज है कई जगह मंत्रियों का जनता खुद सामने विरोध करने लगी है। छत्तीसगढ़ में गुंडों और चाकूबाजों का सुशासन चल रहा है। प्रदेश की राजधानी रायपुर में चाकूबाजी सरेआम हो रही है प्रदेश की क्या स्थिति होगी। गुंडों का मनोबल इतना बड़ा हुआ है कि अब विरोध करने वाले पत्रकार और पुलिस वालों पर भी हमला कर रहे हैं खुलेआम फायरिंग कर रहे हैं। छिनताई, स्नेचिंग, चोरी और बलात्कार जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पुलिस गश्त और कार्रवाई पर जनता का भरोसा कम हो रहा है। बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जैसे इलाकों में एक बार फिर नक्सल हमले देखने को मिले हैं। पुलिस जवानों की शहादत और ग्रामीणों में डर बना हुआ है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। प्रदेश की कानून व्यवस्था अगर जल्द नहीं सुधरती है तो आम आदमी पार्टी प्रदेश सड़क पर उतरकर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी।

## शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में शुरू हुई संडे की पाठशाला

**महासमुंद।** बच्चों को जवाहर नवोदय, प्रयास एवं एकलव्य विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर रविवार से संडे स्पेशल क्लास का संचालन शुरू किया गया। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू के निर्देशन में संस्था की प्रधान पाठिका लीना पांडे, शिक्षक सिराज बक्श, सुनीता ध्रुव व शाला के सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रत्येक रविवार को संस्था में ग्यारह बजे से तीन बजे तक यह स्पेशल क्लास का संचालन हर सप्ताह के रविवार को किया जाएगा। संडे की पाठशाला की विधिवत शुरुआत के मौके पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव रही। अध्यक्षता ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच अनिता मोती लाल मेहरा ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत खट्टी की उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी, पंच खोमन बाई साहू, चुन्नी बाई निषाद, शेरसिंग निषाद, शाला प्रबंध समिति सदस्य घसिया राम निषाद, मनहरण निषाद, मोती लाल मेहरा, संजय सेन मौजूद थे। अतिथिगणों ने सरस्वती पूजन के साथ आज की स्पेशल शाला की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव ने कहा कि ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को तराशने का यह प्रयास अनुकरणीय है। सरपंच अनिता मोती लाल मेहरा ने कहा कि शासकीय शालाओं में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए संडे की पाठशाला मिल का पत्थर साबित होगी।

**निधन**

## मीना नवरंगे

**कोपरा।** नगर के इंदिरा चौक निवासी मीना नवरंगे का शनिवार रात्रि 11 बजे आकस्मिक निधन हो गया। जिसका



अंतिम संस्कार मिट्टी कार्यक्रम पैरी नदी किनारे कछार में किया गया। उसके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में परिजन सहित नगर के लोग शामिल हुए। वे डॉ. जीआर नवरंगे की पत्नी तथा पंकज, नवीन, नवल नवरंगे की माता थी।

**प्रवेशोत्सव : भूतबेड़ा में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव**

# हर बच्चा स्कूल जाए कोई भी शिक्षा से न रहे वंचित : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम भूतबेड़ा में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का शाला प्रवेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में प्राथमिक, मिडिल और हाईस्कूल भूतबेड़ा के विद्यार्थियों को पीला चावल का टीका लगाकर, मिठाई खिलाकर और पाठ्यपुस्तक, गणवेश, कॉपी-पेन देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, अध्यक्ष प्रेम सिंह नेताम ग्राम पटेल, जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, सरपंच प्रतिनिधि टीकम मरकाम, उपसरपंच भीखऊ राम मरकाम सहित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों द्वारा विद्या की देवी सरस्वती और भारत माता के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। हाई स्कूल भूतबेड़ा की छात्राओं ने **सरस्वती वंदना** और **राज्य गीत /"अरपा पैरी के धार... की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने सभा में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजा दी। मुख्य अतिथि संजय नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए भूतबेड़ा के सक्रिय युवा टीम, पालक, शिक्षक और बच्चों का मिलजुल कर चलाया जा रहा अभियान तारीफे काबिल है। उन्होंने बताया कि यह टीम हर सप्ताह स्कूलों का दौरा कर समस्याओं को चिह्नित करती है और उनके समाधान के लिए प्रयास करती है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष 100% स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति रही। उन्होंने 12वीं कॉमर्स और साइंस में 80% अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को 1 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की, जिसका श्रेय उन्होंने जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम और उनकी टीम को दिया। नेताम ने पालकों से बच्चों को नियमित शाला भेजने और शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन करने की प्रेरणा दी।




### महीनों बीत जाने के बाद भी प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

विशेष अतिथि जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम ने शिक्षा के स्तर में सुधार के प्रयासों की सराहना करते हुए अधूरे पड़े शाला भवन को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महीनों बीत जाने के बाद भी शासन-प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया है और अधूरे भवन को पूर्ण कराने की पहल करने का निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन कोसिंग नेताम सहायक शिक्षक भूतबेड़ा ने किया और आभार प्रदर्शन पवन ठाकुर संस्था प्रमुख प्रभारी प्राचार्य भूतबेड़ा ने किया। इस अवसर पर पोषण ठाकुर व्याख्याता, महेश कुमार ध्रुव संकुल समन्वयक, शिक्षक जितेंद्र निषाद, प्रेमलाल नेताम, टीकम सिंह सोनवानी, धनेश कुमार धीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद अग्रवाल का माना आभार



**नवापारा-राजिम।** पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष दयालुराम गाड़ा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज और भाजपा नेता परदेशीराम साहू सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे, जिन्होंने सांसद के इस निर्णय का स्वागत किया।

## साई मंदिर में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**राजिम।** सांई मंदिर में स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री सांई सच्चरित्र पारायण, श्री साई सत्यव्रत कथा, साई बाबा की पालकी, बाबा का भंडारा और स्कूली बच्चों को पेन, पेंसिल और कॉपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहन ठाकुर, लाला साहू, सफी धीवर, संजय यादव, कमल धीवर, गोलू सोनकर मुकेश अवसरिया, संजय ठाकुर, ऋषि साहू, दुर्गा प्रसाद धीवर, मालती ठाकुर, मनीषा साहू, गुड्डी यादव, अश्वनी राजपूत मौजूद थे।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ब्लॉक स्तरीय विकास खंड मैनपुर अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ब्लॉक पदाधिकारी एवं संकुल अध्यक्ष एवं स्कूल सफाई कर्मचारी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संकुल केन्द्र उदन्ती बम्हनीझोला मंडी प्रांगण में बैठक रखा गया जिससे निम्न विषय पर चर्चा, संकुल अध्यक्ष एवं सदस्यों का उपस्थिति दर्ज जानकारी दी गई। अप्रैल माह का मानदेय नहीं मिलने की समस्या जिसमें स्कूल सफाई कर्मचारीयों के द्वारा मैनपुर ब्लाक में धरना प्रदर्शन करने कि सर्व सहमति पारित किया गया। रायपुर प्रदेश स्तरीय में 16 तारीख को रैली धरना प्रदर्शन में जाने के लिए सर्व सहमति लिया गया प्रदेश स्तरीय में मुख्यमंत्री निवास घेराव करने के लिए प्रत्येक संकुल से एक एक गाड़ी करने कि सहमति लिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए पुनः तुमनाथ मांझी को पद पर कार्यरत करने कि संकुल



अध्यक्ष एवं सदस्यों कि उपस्थिति में सर्व सहमति से ब्लाक अध्यक्ष पद पर कार्यरत सहमति लिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष तुमनाथ मांझी, बहूर सिंह मरकाम, पवन जगत, हिरासिंह नागेश,चैतराम नागेश, कुबेर यादव, जन्मजय मांझी, तालसिंग, योगेश नागेश, ललिता कश्यप, सरस्वती नेताम, प्रेमलता, ममता नेताम, ममता नागेश, दुर्योधन यादव, छबी मरकाम, पुस्तम, उमेश मरकाम,गंगाधर मांझी, टंकेश ध्रुव, हेमलाल, चैतुराम, कटीकम ध्रुव, जयंती, वासुदेव, मिलाप सिंह, मंजुला, लिलाधर यादव, रिखीराम ध्रुव, सगीर एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिजली दरें बढ़ाना भाजपा सरकार की जनविरोधी मानसिकता : रामकृष्ण

**मैनपुर।** राज्य के भाजपा सरकार ने बिजली दरोमें 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरों में बढ़ोतरी कर दी है, जिससे उपभोक्ता पर इसका सीधा असर पड़ेगा,



बिजली दरो में बढ़ोतरी को ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार आम उपभोक्ताओं के जेब में डाका डाल रही है, पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ और आधा माफ करने की योजना चलाई थी. जिससे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिल रही थी, उन्होंने कहा है कि स्मार्ट मीटर से पहले ही उपभोक्ताओं को ज्यादा बिजली बिल दिया जा रहा है, गरीब परिवार पहले ही महंगाई से जूझ रहा है, अब बिजली दर में वृद्धि का खामियाजा गरीब परिवारों को भुगतना पड़ता है, यह फैसला प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मध्यमवगएँय परिवारों और किसानों की जेब पर सीधी चोट है उन्होंने मांग की है कि सरकार अपना फैसला वापस लें।

# एक पेड़ मां के नाम पर लगाएं गए छायादायी और फलदायी पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम/" अभियान के तहत, वन परिक्षेत्र पाण्डुका के तत्वावधान में ग्राम तौरेंगा के छात्रावास परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी के संकल्प को साकार करना है, ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके। इस अवसर पर नीम, अमरूद, शीशम, अशोक, पीपल और करोंदा जैसे विभिन्न प्रकार के वृक्षों का सामूहिक रूप से रोपण किया गया। यह वन विभाग की पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायक पहल है। जिला पंचायत की वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में वृक्षारोपण को सभी की जिम्मेदारी बताया, ताकि गाँव हरा-भरा और खुशहाल रहे। उन्होंने लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड और उचित रखरखाव की व्यवस्था पर जोर दिया, ताकि वे बड़े होकर पेड़ बन सकें। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने हेतु एक पेड़ माँ के नाम अभियान को निरंतर जारी रखने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। उप सरपंच नागेश तिवारी ने इस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार माँ अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार हमें भी लगाए गए वृक्षों का पालन-पोषण करना चाहिए। इससे ग्रामवासियों को शुद्ध हवा मिलेगी और विभिन्न बीमारियों से बचाव हो सकेगा।






**ये रहे शामिल**

इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य महेंद्र ठाकुर, ग्राम के सरपंच भूपेंद्र कुमार, उप सरपंच नागेश तिवारी, सचिव रेवा राम साहू, वन विभाग पाण्डुका से रेंजर संतोष चौहान, डिप्टी रेंजर वीरेंद्र ध्रुव, बिटगार्ड लोकेश श्रीवास, प्राथमिक और माध्यमिक शाला से दुगेंद साहू प्रधान पाठक, देव साहू, एआर चक्रधारी प्रधान पाठक, खोवा लाल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# छुरा पंचायत में सीएमओ लालसिंह को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत छुरा के सभा कक्ष में रविवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) लालसिंह मरकाम को विदाई दी गई। उनके स्थान पर नवीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी यमन देवांगन ने अपना पदभार ग्रहण किया। सीएमओ लालसिंह मरकाम ने अपने कार्यकाल के दौरान छुरा शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में स्वच्छता अभियान, आधारभूत संरचना सुधार, डिजिटल प्रशासन और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय कार्य हुए। उनकी नेतृत्व क्षमता,



कर्तव्यनिष्ठा और जनसंपर्क कौशल की सभी स्तरों पर प्रशंसा की गई। वे लोगों की शिकायतों का त्वरित निदान करने वाले अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने लालसिंह मरकाम के कार्यकाल को 'अच्छा' बताया। पार्षद सलीम मेमन, हरीश यादव और सभापति भोलेशंकर जायसवाल ने भी अपने उद्बोधन में सीएमओ मरकाम के कार्यों की सराहना की। पूर्व सीएमओ लालसिंह मरकाम ने नगर की जनता को 'बहुत जागरूक, सरल और सहज' बताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, रजनी लहरे, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव, पार्षद रामजी दीवान, देवसिंह नेताम, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, ठेकेदार लक्की मेमन, अशोक माधवानी, शैलेन्द्र दीक्षित, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मनोज दुबे, कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, स्वच्छता दीदियां और नगर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश सिन्हा ने किया।

## खुटेरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण



**छुईहा बेलर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत, ग्राम पंचायत खुटेरी के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुटेरी में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच बेनीशंकर साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष द्वारिका साहू, प्राचार्य याचना जोशी और शिक्षकगण सरिता जोल्हे, अर्चना शर्मा, संतोष सिंह ठाकुर, मोहन तारक, चूमेश्वर वर्मा, अश्वनी श्रीवास, अनिल बारे, ओमप्रकाश दीवा सहित सभी स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जन न्याय पदयात्रा चौथे दिन पहुंची कोपरा**

# जनता की आवाज को अनसुना कर रही है भाजपा सरकार : विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 10 जुलाई से मैनपुर ब्लॉक मुख्यालय से शुरू हुई जन न्याय पदयात्रा रविवार 13 जुलाई को नगर पंचायत कोपरा पहुंची। यहां युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में कोपरा, पाण्डुका, सुरसाबांधा एवं राजिम क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में शामिल यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस ऐतिहासिक पदयात्रा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष दीपक बैज ने 10 जुलाई को हरी झंडी दिखाकर मैनपुर से रवाना किया था। तब से यह यात्रा विभिन्न गांवों व कस्बों से गुजरती हुई जनता की समस्याओं को सुनते हुए आगे बढ़ रही है। पदयात्रा की अगुवाई बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव स्वयं कर रहे हैं और वे निरंतर जनता के बीच जाकर संवाद कर रहे हैं। यात्रा में 11 जुलाई को पूर्व युवा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी, 12 जुलाई को भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी तथा 13 जुलाई को धमतरी विधायक ओंकार साहू एवं कांग्रेस नेता नीलम चंद्राकर शामिल हुए। कोपरा पहुंचने पर नगर के गांधी चौक में एक आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि जन न्याय पदयात्रा जनता के अधिकारों की आवाज है। यह आंदोलन केवल विरोध का नहीं, बल्कि विकास की नई राह का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। बिंद्रानवागढ़ की जनता पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।



### स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में बीमार लोगों की हो रही है मौत



उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने से लोग वैन में सफर नहीं कर पा रहे, बिजली नहीं होने से ग्रामीण आज भी अंधेरे में हैं, स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में बीमार लोगों की मौत हो रही है, लेकिन सरकार ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें। सभा में मनोज कंदोई, पूर्व महापौर रायपुर लक्ष्मी अरुण साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेस्वर गौरव मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा रूपेश साहू, ब्लाक अध्यक्ष चंद्रहास साहू शिवम सिन्हा, पार्षद नगर पंचायत कोपरा विक्रम साहू, पार्षद नगर पंचायत कोपरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

